भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 2279
सोमवार, 08 मार्च, 2021/17 फाल्गुन, 1942 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

'भारत को जानो' सेमिनार

2279. श्री जुगल किशोर शर्मा:
श्रीमती गीता कोडा:
श्री दिलेश्वर कामैत:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान विदेशों में "भारत को जानो" संगोष्ठी कितने बार आयोजित की गई है और तत्संबंधी देश-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या मंत्रालय ने वर्ष 2019 में न्यूयॉर्क टाइम ट्रैवल शो में भागीदारी की है; और

(ग) यदि हां, तो उस पर कितनी राशि खर्च की गई थी और भारत के पर्यटन क्षेत्र को उस से क्या लाभ प्राप्त हुए हैं?

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) **(श्री प्रहलाद सिंह पटेल)**

(क): पर्यटन मंत्रालय विदेशी टूर ऑपरेटरों और मीडिया के बीच भारत के पर्यटन उत्पादों और गंतव्यों के बारे में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए भारतपर्यटन कार्यालयों और भारतीय मिशनों के माध्यम से नियमित रूप से 'भारत को जानो' सेमिनार आयोजित करता है। 2018, 2019 और 2020 में कुछ देशों में आयोजित भारत को जानें सेमिनार का विवरण अनुबंध में दिए गए है।

(ख) और (ग): जी, हां। पर्यटन मंत्रालय ने न्यूयॉर्क में 25-27 जनवरी, 2019 को आयोजित न्यूयॉर्क टाइम्स ट्रैवल शो (एनवाईटीटीएस) में प्रस्तुति भागीदार के रूप में भाग लिया था। उक्त आयोजन में प्रस्तुति भागीदार के रूप में भागीदारी की लागत $ 4,00,000 अमेरिकी डॉलर थी।

न्यूयॉर्क टाइम्स ट्रैवल शो उत्तरी अमेरिका का एक अग्रणी यात्रा शो है और यह बड़ी संख्या में यात्रा व्यापार और उपभोक्ता आगंतुकों को आकर्षित करता है। इसके अलावा, 170 से अधिक देशों / संगठनों ने प्रदर्शन में भाग लिया। अमेरिकी बाजार में भारत के लिए उच्च दृश्यता और व्यापक प्रचार से भारत कार्यक्रम का केंद्र बिंदु था। इस शो ने वैश्विक दर्शकों के समक्ष भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, कला प्रदर्शन, व्यंजन, गंतव्य आदि का प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान किया। अमेरिकी बाजार में निरंतर संवर्धन से 2018 में 1.45 मिलियन के मुकाबले 2019 में अमेरिका से 1.51 मिलियन पर्यटक भारत आए।

****

अनुबंध

'भारत को जानो' सेमिनार के सम्बन्ध में दिनांक 08.03.2021 के लोकसभा के लिखित प्रश्न सं. 2279 के भाग (क) के संबंध में **विवरण**

2018, 2019 और 2020 के दौरान विदेशी बाजारों में आयोजित 'भारत को जानें' सेमिनारों के विवरण ।

वर्ष	'भारत को जाने' सम्मेलनों आयोजन की संख्या	देश-वार विवरण
2018	**28**	कैसाब्लांका (मोरक्को), अल ऐन और दुबई (यूएई), बोगोटा (कोलंबिया), मैनचेस्टर, बेलफास्ट, लंदन, कार्डिफ़ एंड ग्लासगो (यूके), डबलिन (आयरलैंड), बाली, मलंग, सुराबाया और योग्याकार्ता (इंडोनेशिया), बैंकॉक (थाईलैंड), बुसान, उल्सान, इंचियोन, बुसान, सियोल और चुन्चिओन (कोरिया), फुकुओका, टोक्यो, ओकिनावा, योकोहामा, टोक्यो और नागोया (जापान) और ताइपे (ताइवान)।
2019	**57**	वुहान और झियान (चीन), काहिरा (मिस्र), लुसाका (जाम्बिया), दोहा (कतर), निकोसिया (साइप्रस), अम्मान (जॉर्डन), कुवैत सिटी (कुवैत), फ्रैंकफर्ट, बर्लिन, कोलोन और फ्रैंकफर्ट (जर्मनी), बार्सिलोना और वालेंसिया (स्पेन), पोर्टो (पुर्तगाल), वियना (ऑस्ट्रिया), ग्लासगो और बर्मिंघम (यूके), कॉर्क (आयरलैंड), एम्स्टर्डम (नीदरलैंड्स), ब्रुसेल्स (बेल्जियम), बोगोटा (कोलंबिया), वैंकूवर और मॉन्ट्रियल (कनाडा), ब्यूनस आयर्स (अर्जेंटीना), ग्वाटेमाला सिटी (ग्वाटेमाला), पोर्ट ऑफ स्पेन (त्रिनिदाद और टोबैगो), वॉरसॉ (पोलैंड), थेसालोनिकी (ग्रीस), बाकू (अज़रबैजान), ज़ग्रेब (क्रोशिया, व्लादिवोस्तोक, कज़ान, समारा, वोल्वोग्राद, नोवोसिबिर्स्क (रूस), बुखारा, समरकंद, ताशकंद (उज्बेकिस्तान), दुशांबे (ताजिकिस्तान), सोफिया (बुल्गारिया), जोहोर बाहरू और पेनांग (मलेशिया), सिडनी (ऑस्ट्रेलिया), मेडन (इंडोनेशिया), हो ची मिन्ह सिटी (वियतनाम), सेंदाई , क्योटो, ओसाका, नागोया, टोक्यो, मोरिओका, नाकामा शहर, फुकुओका (जापान) और ग्वांग-जु, इक्सन और सियोल (कोरिया)।
2020	**09**	लक्समबर्ग (लक्समबर्ग), ह्यूस्टन, डलास और लॉस एंजिल्स (यूएसए), टोरंटो और ओटावा (कनाडा), बोगोटा (कोलंबिया), साओ पोलो (ब्राजील) और एडिलेड (ऑस्ट्रेलिया)।

*****